**भारत सरकार**

**ग्रामीण विकास मंत्रालय**

**ग्रामीण विकास विभाग**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 1341**

**(11 फरवरी, 2025 को उत्तर दिए जाने के लिए)**

**उत्तर-पूर्वी क्षेत्र में पीएमजीएसवाई परियोजनाएं**

**1341. डॉ. इन्द्रा हांग सुब्बा:**

क्या ग्रामीण विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) के कार्यान्वयन के बाद से पूर्वोत्तर क्षेत्र (एनईआर) में निर्मित ग्रामीण सड़कों की कुल लंबाई कितनी है;

(ख) सिक्किम में मौजूदा पीएमजीएसवाई सड़कों की कुल लंबाई कितनी है;

(ग) पूर्वोत्तर क्षेत्र विशेषकर सिक्किम में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत परियोजनाओं का राज्यवार ब्यौरा क्या है; और

(घ) पीएमजीएसवाई चरण चार को लागू करने का प्रस्तावित वर्ष क्या है?

**उत्तर**

**ग्रामीण विकास राज्य मंत्री**

**(श्री कमलेश पासवान)**

(क) प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) के विभिन्न घटकों/कार्यक्रमों के अंतर्गत, योजना की शुरुआत से लेकर अब तक , पूर्वोत्तर क्षेत्र (एनईआर) में कुल 79,794 किलोमीटर लंबाई की सड़कों का निर्माण किया गया है।

(ख) सिक्किम राज्य में विभिन्न घटकों/कार्यक्रमों के अंतर्गत कुल 5,220 किलोमीटर सड़क लंबाई को मंजूरी दी गई है जिनमें से 4,730 किलोमीटर लंबाई की सड़कों का निर्माण पहले ही हो चुका है।

(ग) सिक्किम सहित पूर्वोत्तर क्षेत्र में पीएमजीएसवाई के अंतर्गत परियोजनाओं का राज्यवार ब्यौरा **अनुबंध** में दिया गया है।

(घ) प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना- IV (पीएमजीएसवाई-IV) को 2024 में प्रारंभ किया गया है जिसका उद्देश्य जनगणना 2011 के अनुसार मैदानी इलाकों में 500+, पूर्वोत्तर और पहाड़ी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों, विशेष श्रेणी के क्षेत्रों (जनजातीय अनुसूची V, आकांक्षी जिले/ब्लॉक, रेगिस्तानी क्षेत्र) में 250+ और वामपंथी उग्रवाद (एलडब्ल्यूई) प्रभावित जिलों में 100+ जनसंख्या वाली लगभग 25,000 सड़क संपर्करहित बसावटों को सड़क संपर्क प्रदान करने हेतु 62,500 किलोमीटर लंबाई की बारहमासी सड़क (सिंगल लेन) बनाना है। जनसंख्या मानदंडों के अनुसार पात्र संपर्कता रहित बसावटों की पहचान करने के लिए सर्वेक्षण कार्य वर्तमान में चल रहा है। पीएमजीएसवाई-IV को 2024-2025 से 2028-2029 तक कार्यान्वित किया जाएगा।

****

**अनुबंध**

**लोक सभा में दिनांक 11.02.2025 को उत्तर दिए जाने के लिए नियत अतारांकित प्रश्न संख्या 1341 के उत्तर के भाग (ग) में उल्लिखित अनुबंध**

**प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) के अंतर्गत पूर्वोत्तर क्षेत्र (एनईआर) में स्वीकृत निर्मित और शेष सड़क निर्माण कार्यों का ब्यौरा**

| क्र. सं. | राज्य का नाम | स्वीकृत | | | निर्मित | | | शेष* | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | सड़क निर्माण कार्यों की संख्या | लंबाई (किमी में) | पुलों की संख्या | सड़क निर्माण कार्यों की संख्या | लंबाई (किमी में) | पुलों की संख्या | सड़क निर्माण कार्यों की संख्या | लंबाई (किमी में) | पुलों की संख्या |
| 1 | अरुणाचल प्रदेश | 1,663 | 16,773 | 303 | 1,326 | 13,762 | 208 | 337 | 2,965 | 95 |
| 2 | असम | 9,269 | 32,911 | 1,466 | 9,084 | 31,919 | 1401 | 185 | 825 | 65 |
| 3 | मणिपुर | 1,969 | 12,175 | 211 | 1,765 | 10,855 | 155 | 204 | 1,305 | 56 |
| 4 | मेघालय | 1,316 | 5,979 | 163 | 1,150 | 4,807 | 106 | 166 | 1,149 | 57 |
| 5 | मिजोरम | 368 | 4,970 | 0 | 331 | 4,415 | 0 | 37 | 535 | 0 |
| 6 | नागालैंड | 401 | 4,945 | 53 | 343 | 4,322 | 53 | 58 | 623 | 0 |
| 7 | सिक्किम | 1,043 | 5,220 | 126 | 935 | 4,730 | 77 | 108 | 420 | 49 |
| 8 | त्रिपुरा | 1,545 | 6,138 | 68 | 1,377 | 4,984 | 53 | 168 | 969 | 15 |
| **कुल** | | **17,574** | **89,111** | **2,390** | **16,311** | **79,794** | **2,053** | **1,263** | **8,791** | **337** |

** शेष सड़क लंबाई स्वीकृत और निर्मित सड़क लंबाई के अंतर से कम है क्योंकि सड़क की लंबाई में कमी, मार्ग योजना में परिवर्तन, अन्य एजेंसियों द्वारा आंशिक लंबाई का निर्माण आदि के कारण कुछ बसावटों को स्वीकृत सड़क लंबाई से कम में सड़कों से जोड़ा गया है।*

*****